भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2988**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**राजमार्ग परियोजनाओं की स्थिति**

2988. डॉ. प्रदीप कुमार पाणिग्रही:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में सभी राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) विगत एक वर्ष के दौरान राज्य राजमार्गों की तुलना में राष्ट्रीय राजमार्गों पर कितनी दुर्घटनाएं हुई;

(ग) गंजाम जिले में राजमार्ग को छः लेन का बनाए जाने और गोपालपुर चिल्का तटीय राजमार्ग परियोजना सहित ओडिशा की सभी लंबित सड़क परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ओडिशा में लंबित परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वर्तमान में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की लगभग 31,500 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली 1,304 परियोजनाएं पूरे देश में निर्माणाधीन (नियत/आरंभ) हैं, जो परियोजना की पूर्णता के विभिन्न चरणों में से एक या अन्य चरण में शेष रह गई हैं और ये समाप्ति/समयपूर्ण समाप्त करने के लिए विचाराधीन परियोजनाओं को छोडकर है।

(ख) नवीनतम उपलब्ध जानकारी के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2022 के लिए एनएच (राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे सहित) पर हुई सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या 1,51,997 है, जबकि राज्य राजमार्गों के लिए यह संख्या 1,06,682 है।

(ग) और (घ) वर्तमान में लगभग 1,260 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली 58 सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की परियोजनाएं ओडिशा राज्य में निर्माणाधीन (नियत/आरंभ) हैं, जो परियोजना के पूरा होने के विभिन्न चरणों में से एक या अन्य चरण शेष रह गए है और ये समाप्ति/समयपूर्ण समाप्त करने के लिए विचाराधीन परियोजनाओं को छोडकर है। इन सभी परियोजनाओं को वित्त वर्ष 2026-27 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तथापि, गंजाम जिले में गोपालपुर चिल्का तटीय राजमार्ग परियोजना सहित कोई भी 6-लेन की एनएच परियोजना चालू नहीं है।

******